संचिका सं0–17/कोर्ट–09/11– 139(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

आशीष कुमार,
सचिव (प0क0)

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक– 30/01/13

विषय:–डा0 सैयद ताहा यासीन, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर के पेंशन/उपादान की स्वीकृति।

महाशय,

डा0 सैयद ताहा यासीन, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर, दिनांक–31.10.2001 को सेवानिवृत्त हुए हैं, फलस्वरूप इन्हें सरकार द्वारा नियमानुसार अनुमान्य पेंशन/उपादान की स्वीकृति का आदेश प्रदान किया जाता है।

(2) सेवानिवृत्ति की तिथि के पूर्व ये दिनांक–25.02.88 से 31.10.2001 तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहे हैं, अतः इस अवधि को सेवा में टूट मानते हुए दिनांक–27.02.67 (नियुक्ति तिथि) से 24.02.88 तक की अवधि के आधार पर ही इन्हें पेंशन/उपादान की स्वीकृति दी जाती है।

(3) उक्त आदेश इस शर्त के साथ प्रदान किया जाता है कि डा0 यासीन द्वारा महालेखाकार, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित अनुमान्य राशि से अधिक निकासी की गई होगी तो अधिक निकासी की गई राशि को उन्हें वापस करनी होगी।

(4) इस पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं :–

(1) पेंशन प्रपत्र (दो प्रतियों में) (2) संयुक्त फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर का नमूना (3) पारिवारिक सदस्यों की सूची एवं (4) पेंशन रूपांतरण संबंधी आवेदन–पत्र।

(5) महालेखाकार, बिहार कृपया सभी सरकारी बकाया आदि के संबंध में अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो लेंगे, तत्पश्चात् ही प्राधिकार पत्र निर्गत करना कृपया सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
30/1/2013
आशीष कुमार,
सचिव (प0क0)

ज्ञापांक–17/कोर्ट–09/11– 139(17) /स्वा0, पटना, दिनांक– 30/01/13

प्रतिलिपि :– प्राचार्य, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना एवं सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्राचार्य, एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद, (झारखंड)/स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड (राँची) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– डा0 सैयद ताहा यासीन, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, फ्लैट नं0–404, पार्क भिउ अपार्टमेंट, डाकघर–सालीमपुर अहरा, थाना–गाँधी मैदान, जिला–पटना को सूचनार्थ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई0 टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव (प0क0)
30/1/2013